नवभारत 25-09-2023 Pg No. 3 (C)

सहकारिता में भारत रोल मॉडल

कार्यक्रम में बोले गृह मंत्री शाह, मोदी सरकार की बताई बड़ी सफलता

9 साल में 60 करोड़ जन धन खाते

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** साल 2014 के बाद भारत सरकार ने देश में 60 करोड़ लोगों के जन धन खाते खोले हैं, जो आजादी के बाद 70 वर्षों में नहीं हो सका. इस काम को हमारी सरकार ने 9 वर्षों में पूरा किया है. यह बात सहकारिता व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई यूनिवर्सिटी में लक्ष्मण राव इनामदार की याद में आयोजित व्याख्यानमाला में कही. उन्होंने कहा कि इनामदार का जन्म महाराष्ट्र में हुआ लेकिन उनकी कर्मभूमि ज्यादातर गुजरात में रही. उन्हें सहकारिता आन्दोलन का जनक कहा जाता है. 1904 में इनामदार ने सहकारिता आन्दोलन की शुरुआत की. वैसे तो सहकारिता की चर्चा काफी पहले से चल रही थी, लेकिन 1960 के दशक में राजनीतिक दखल अंदाजी के चलते सहकारिता के क्षेत्र में काफी मुश्किलें आने लगी और लोगों का विश्वास घटने लगा. लेकिन अब सहकारिता के क्षेत्र में भारत दुनिया भर में रोल मॉडल बन चुका है.



सीएम निवास वर्षा पर विराजमान गणपति का दर्शन करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह. सीएम एकनाथ शिंदे व उनके बेटे सांसद श्रीकांत ने उनका स्वागत किया. वहीं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निवास स्थान सागर पर भी जाकर बप्पा का दर्शन प्राप्त किया.

सहकारिता से दूर दराज के लोग जुड़ेः सीएम

■ गुजरात में 40 हजार महिलायें लिज्जत पापड़ से जुड़ी हैं. अमूल की सफलता सहकारिता क्षेत्र में एक मिसाल है. 36 लाख बहनें अमूल और लिज्जत के कारोबार से जुड़ी हुई हैं.

■ दो लाख दुग्ध समितियां काम कर रही हैं.विश्व में 30 सहकारी बैंक में देश के 12 सहकारी बैंकों का नाम शुमार है. सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि लक्ष्मण राव इमानदार ने सहकारिता के विकास में बड़ा योगदान दिया है. उनके कार्यों का शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है. शिंदे ने कहा कि सहकारिता से आज गांव और दूर दराज के लोग जुड़े हुए हैं.

■ इससे लाखों लोगों को रोजगार मिला है. राज्यपाल रमेश बैस ने भी कहा कि महाराष्ट्र के विकास में सहकारिता आंदोलन का बड़ा योगदान है. उन्होंने कहा कि अब अलग से मंत्रालय बन जाने से सहकारिता आन्दोलन को गति मिलेगी.

3 लाख पैक्स बनाएंगे

गृह मंत्री अमित शाह ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले 5 साल में 3 लाख पैक्स बनाएंगे. हर पंचायत में एक पैक्स होगा, जो मल्टी डायमेंशनल होगा. केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने यह भी कहा कि मुंबई यूनिवर्सिटी में एक पीठ स्थापित कर लक्ष्मण राव इनामदार के विचारों को छात्रों के जरिए फैलाया जाएगा.